बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

"प्रेस नोट"

दिनांक 13.12.2024 (शुक्रवार) को आयोजित की जाने वाली एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रा०) प्रतियोगिता परीक्षा के प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) के संबंध में विभिन्न सोशल मिडिया प्लेटफार्म एक फर्जी आवश्यक सूचना परिचालित हो रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि "दिनांक 06.12.2024 से प्रवेश–पत्र जारी किया गया था, जिसे तत्काल प्रभाव से अमान्य घोषित किया जाता है एवम् परीक्षा का प्रवेश–पत्र पुनः जारी किया जायेगा तथा अभ्यर्थियों के कतिपय माँगों को आयोग द्वारा स्वीकार करने की भी बात की गयी है।"

इस सम्बन्ध में आयोग उक्त परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित करता है कि परिचालित फर्जी आवश्यक सूचना आयोग स्तर से प्रकाशित नहीं की गयी है एवम् इसमें उल्लेखित सभी तथ्य बिल्कुल निराधार हैं।

इस तरह की सूचना प्रकाशित/परिचालित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है एवम् ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर आयोग द्वारा संचालित परीक्षाओं से आजीवन प्रतिवारित (Debarred) करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

आयोग कोई भी सूचना अपने आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से प्रकाशित करता है। इसके बावजूद भी अभ्यर्थी किसी भी फर्जी सूचना को आयोग के वेबसाईट पर जाँच किये बिना सही मान लेते हैं एवम् दिग्भ्रमित हो जाते हैं। भविष्य में किसी भी परिचालित सूचना की सत्यता के संबंध में अभ्यर्थी सर्वप्रथम आयोग के आधिकारिक वेबसाईट पर जाकर जाँच करना सुनिश्चित करें।

9/12/24

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना